RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

हर अफसर ने रख रखे, आगे कई दलाल।
सौदे करते हैं वही, लेते-देते माल।
लेते-देते माल, मामले वही पटाते।
बीच राह की सभी, अड़चनें वही हटाते।
कह साहिल कविराय, बरसते डेली पैसे।
लेन-देन का काम, करे खुद अफसर कैसे।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 112 | SATURDAY DATE 16-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# पीएम मोदी के आह्वान को जन-आंदोलन बनाएगी दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों की बचत और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के आह्वान के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक कर पार्टी विधायकों से दिल्ली सरकार के निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट, ईंधन की बढ़ती चुनौती और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री के संदेश को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएं और लोगों को ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, कारपूलिंग तथा जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विधायक स्वयं भी उदाहरण प्रस्तुत करें। ह्यमेट्रो मंडेह्ल पहल के तहत विधायक सप्ताह में एक दिन मेट्रो से यात्रा करें ताकि आम नागरिक भी प्रेरित हों। उन्होंने विधायकों से अपने काफिलों को सीमित करने, वाहनों का कम उपयोग करने तथा ई-वाहनों को प्राथमिकता देने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विधायक अपनी विधानसभा क्षेत्रों की आरडब्ल्यूए, सामाजिक संस्थाओं, मार्केट एसोसिएशन, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न संगठनों के बीच जाकर दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए ह्यमेरा भारत, मेरा योगदानह्ल अभियान की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि यह 90 दिवसीय जनजागरूकता अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में सामूहिक भागीदारी का प्रयास है, जिसमें हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री के आह्वान को धरातल पर उतारने के लिए कई बड़े निर्णय लिए हैं। इसके तहत आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सरकारी विभागों में सप्ताह में दो दिन ह्यवर्क फ्रॉम होमह्ल व्यवस्था लागू की जा रही है। निजी संस्थानों और कंपनियों को भी इस दिशा में सहयोग करने की सलाह दी गई है।

मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि दिल्ली सरकार ने संकट की घड़ी में जो निर्णय लिए हैं, उसकी जानकारी आमजन तक भी पहुंचनी चाहिए ताकि वे भी उन पर अमल करें। सरकार के इन निर्णयों के तहत हर सोमवार ह्यमेट्रो मंडेह्ल मनाया जाएगा तथा सप्ताह में एक दिन ह्यनो व्हीकल डेह्ल मनाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने अगले छह महीने तक नया पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या हाइब्रिड वाहन नहीं खरीदने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त सरकारी कार्यालयों में एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री के बीच निर्धारित किया गया है ताकि बिजली की बचत सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही सरकार ने ह्यमेड इन इंडियाह्ल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राजधानी के मॉल्स और सुपरमार्केट्स में विशेष कॉर्नर स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि वर्तमान समय केवल सरकारी प्रयासों का नहीं, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभाने का है।

## संक्षिप्त खबरें



### यूएई सहित पांच देशों की छह दिन की यात्रा पर रवाना हुए मोदी

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने के प्रमुख एजेन्डे के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई ) और चार यूरोपीय देशों नीदरलैंड , स्वीडन, नार्वे तथा इटली की छह दिन की यात्रा पर रवाना हो गये। इस यात्रा में उनका सबसे अधिक जोर ऊर्जा सुरक्षा पर रहेगा। इसके अलावा वह इन देशों के साथ व्यापार, निवेश और रणनीतिक क्षेत्र में सहयोग बढाने पर भी चर्चा करेंगे। श्री मोदी इस दौरान इन देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। प्रधानमंत्री यात्रा के पहले चरण में भारतीय समय के अनुसार दोपहर यूएई पहुंचेंगे जहां वह यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से ऊर्जा सहयोग, तथा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### नीट छात्र की आत्महत्या मामले पर सरकार की जवाबदेही तय हो : राहुल-प्रियंका



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लखीमपुर खीरी के छात्र ऋतिक मिश्रा की आत्महत्या को लेकर सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग की है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर कहा , ह्लअब नहीं देनी प्रतियोगी परीक्षा.. ये ऋतिक मिश्रा के आखिरी शब्द थे। तीसरी बार नीट की तैयारी कर रहे 21 वर्षीय छात्र परीक्षा रद्द होने के बाद मानसिक रूप से टूट गए। गोवा में भी एक अन्य नीट अभ्यर्थी ने आत्महत्या की है। ये बच्चे परीक्षा से नहीं हारे, इन्हें एक भ्रष्ट तंत्र ने मारा है। यह आत्महत्या नहीं, सिस्टम द्वारा हत्या है। ह्व उन्होंने परीक्षा घोटालों के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2015 से 2026 के बीच 148 परीक्षा घोटाले सामने आए, जिनमें 87 परीक्षाएं रद्द हुईं और करीब 09 करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इतने बड़े घोटालों के बावजूद केवल एक मामले में सजा हुई है। कि सीबीआई और ईडी की जांच के बाद भी किसी जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने नीट, एआईपीएमटी और अन्य मेडिकल परीक्षाओं में 15 घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी अधिकारी या मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा, ह्लमोदी जी, कितने ऋतिक चाहिए आपकी जवाबदेही जगाने के लिए ?ह्व उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके भविष्य की लड़ाई लड़ती रहेगी।



### अडानी के हित में मोदी ने किया अमेरिका के साथ व्यापार समझौता : राहुल

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के मुद्दे को उठाते हुए एक बार फिर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह समझौता अपने उद्योगपति मित्र अडानी को बचाने के लिए किया है। श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर व्यापार करार को उद्योगपति अडानी के हित में लिया गया समझौता बताया और श्री मोदी पर समझौतावादी होने का आरोप लगाते हुए कहा, ह्लकोम्प्रोमाईजड पीएम ने व्यापार समझौता नहीं, अडानी की रिहाई का सौदा किया। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, ह्लअब यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री ने भारत-अमेरिका के बीच उस बेहद निराशाजनक और एकतरफा ट्रेड ह्यडीलह्ल को क्यों स्वीकार किया, जो वास्तव में अमेरिका के पक्ष में एकतरफा सौदा था। यह भी साफ हो गया है कि उन्होंने 10 मई 2025 को राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के आगे झुकते हुए, राष्ट्रीय हित के बजाय उनके दबाव में ऑपरेशन सिंदूर को अचानक क्यों रोक दिया। उन्होंने लिखा, ह्लरिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन अब उद्योपति अडानी के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े सभी आरोप वापस लेने की तैयारी में है। प्रधानमंत्री आखिर और कितना समझौता करेंगे।

## ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व : कपिल मिश्रा

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।



दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है। श्री मिश्रा ऊर्जा संरक्षण का सन्देश देने के लिए आज ईवी कार चलाकर दिल्ली सचिवालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार दिल्ली वासियों के सहयोग से ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

सुश्री गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली में मेट्रो मंडे, दो दिन वर्क फ्रॉम होम और न्यूनतम गाड़ियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने सभी मंत्रीगण और अधिकारीगण भी सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करेंगे और अपने लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रम मंत्रालय से एडवाइजरी भी जारी की गई है और इसे लेकर आज सुबह से उन्होंने दिल्ली के कई व्यापारियों एवं उद्योगपतियों से चर्चा भी की है। सभी लोग स्वतः प्रेरणा से प्रधानमंत्री के आह्वान के साथ खड़े हैं और वर्क फ्रॉम होम और इलेक्ट्रिक पॉलिसी को लागू कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए : सौरभ भारद्वाज

» नोएडा, यूटर्न/ 15 मई।



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर रूस से सस्ता तेल खरीदना कम कर दिया है, जिसके चलते देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हाल ही में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है और आने वाले समय में इसमें और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

उन्होंने दावा किया कि यह केवल शुरूआत है और आने वाले दिनों में आम जनता को महंगाई की और बड़ी मार झेलनी पड़ सकती है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत आज अमेरिका के दबाव में काम कर रहा है। उनके मुताबिक, पहले भारत रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर देश को राहत दे रहा था, लेकिन अब अमेरिका के विरोध के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार पर अमेरिका का प्रभाव है, जिसका सीधा असर देश की जनता पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार आम लोगों से विदेश यात्रा कम करने और सोना नहीं खरीदने की अपील कर रही है, ताकि विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव न पड़े, वहीं दूसरी तरफ बड़े उद्योगपति विदेशों में भारी निवेश कर रहे हैं। देश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है।

## पूर्वी दिल्ली में हथियारबंद लूटकांड का खुलासा: 5 आरोपी गिरफ्तार, सोने की चेन और 2.31 लाख रुपए बरामद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।



पूर्वी दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोने के व्यापारी से हुई हथियारबंद लूट की गुत्थी सुलझा ली है। स्पेशल स्टाफ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट और प्रीत विहार थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो मुख्य लुटेरों सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लूटे गए 21 सोने की चेन और 2.31 लाख रुपए नकद भी बरामद किए हैं, जो कुल लूटे गए माल का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा है। पुलिस की ओर से शुक्रवार को जारी एक प्रेस नोट के अनुसार, यह वारदात 3 मई की रात करीब 10:30 बजे की है, जब मंडावली में पिछले 22 वर्षों से काम कर रहे स्वर्णकार सुकुमार धारा अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। तभी दो सशस्त्र बदमाशों ने उन्हें रोककर उनकी स्कूटी, 23 सोने की चेन, अन्य आभूषण, 3 लाख रुपए नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। इस मामले में प्रीत विहार थाने में एफआईआर दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल स्टाफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें गठित की गईं। जांच के दौरान पुलिस ने 10 दिनों में 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। आरोपी लगातार पुलिस से बचने के लिए कपड़े बदलते रहे, अलग-अलग वाहनों का इस्तेमाल किया और यहां तक कि लूटा गया मोबाइल एक चलते ट्रक में फेंक दिया ताकि जांच को गुमराह किया जा सके। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, स्थानीय खुफिया जानकारी और लगातार निगरानी के जरिए आरोपियों की मूवमेंट को ट्रेस किया। जांच में सामने आया कि आरोपी विकास मार्ग, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, सिग्नेचर ब्रिज, भजनपुरा, घोंडा होते हुए जाफराबाद (उत्तर-पूर्वी दिल्ली) तक पहुंचे थे।

# दिल्ली सरकार टेंजिबल लर्निंग आउटकम के माध्यम से शिक्षा को प्रभावी बनाने में जुटी है : मंत्री आशीष सूद

**शिक्षा मंत्री ने वर्चुअल बैठक में विद्यालयों को शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**



प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद को बढ़ावा देने की अपील के क्रम में शुक्रवार को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जिला दक्षिण, सेंट्रल एवं नई दिल्ली के जोन 24, 26, 27 एवं 28 के सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं हेड ऑफ स्कूल्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर उनके स्कूलों की वस्तु स्तिथि की जानकारी ली।

शिक्षा मंत्री ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं विद्यालय प्रमुखों से कहा कि वे वर्चुअल बैठक की कार्यप्रणाली की आदत विकसित करें। उन्होंने बताया कि आगामी कुछ महीनों तक बैठकों का आयोजन वर्चुअल मोड में किया जाएगा। इसके लिए वर्चुअल बैठकों के संचालन हेतु एक स्पष्ट प्रोटोकॉल एवं एसओपी तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए, ताकि बैठकों के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा संवाद सुचारु एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके।

उन्होंने बैठक में यह भी कहा कि दिल्ली सरकार टेंजिबल लर्निंग आउटकम के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है तथा सभी प्रधानाचार्य एवं विद्यालय प्रमुख आगामी तीन महीनों के भीतर इसकी नियमित समीक्षा एवं आकलन सुनिश्चित करें।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सरकारी विद्यालयों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दे रही है। डिजिटल टूल्स एवं नई तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों को अधिकतम शैक्षणिक लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके और दिल्ली के सरकारी विद्यालयों का शैक्षिक स्तर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सके। उन्होंने सभी विद्यालयों को फाइव बेस्ट प्रैक्टिसेज पर विशेष कार्य करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत प्रदूषण से बचाव, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य तथा ड्रग्स से सुरक्षा जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। इन गतिविधियों एवं नवाचारों को विभाग की पत्रिका में भी प्रकाशित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2028 तक सभी विद्यालयों के लिए निपुण प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही उन्होंने विद्यालयों को निर्देश दिए कि प्रत्येक स्कूल किसी एक खेल को विशेष रूप से बढ़ावा दे, ताकि विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल प्रतिभा का भी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सभी सरकारी विद्यालयों में एआई आधारित लर्निंग सिस्टम को बढ़ावा दे रही है, जिसके अंतर्गत अटेंडेंस सिस्टम, पेपर बनाना, कॉपियों की जांच सहित कई प्रक्रियाओं को तकनीक आधारित बनाया जा रहा है। इससे शिक्षकों पर अनावश्यक कार्यभार कम होगा और वे विद्यार्थियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# विदेश दौरे का ब्योरा और किये गये खर्च की जानकारी दें राहुल : रिजिजू



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से उनके विदेश दौरे का ब्योरा और इस दौरान किये गये खर्च की जानकारी देने की अपील की है। श्री रिजिजू ने शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सांसदों को अपनी यात्रा के बारे में तीन सप्ताह पहले सूचना देना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा, ह्लश्री गांधी की बिना सूचना के विदेश यात्रा गंभीर सवाल खड़ा करती है। प्रत्येक सांसद को अपनी विदेश यात्रा से तीन सप्ताह पहले लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय को सूचित करना अनिवार्य है। यह अनुमति मांगना नहीं, बल्कि सूचना है।

सांसद विदेश यात्रा कर सकते हैं, लेकिन सूचना देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर कोई सांसद विदेश में आतिथ्य सत्कार स्वीकार करता है, तो उसे आमंत्रित करने वाली एजेंसियों या संगठनों द्वारा वहन किया जाने वाला खर्च विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के अंतर्गत आएगा। श्री गांधी 2004 से सांसद हैं और इस दौरान उनकी 54 विदेश यात्राएं दर्ज की गयी हैं। यह केवल 54 यात्राओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि वे भारत से बाहर कितने दिन रहे और इस दौरान उन्होंने कितना खर्च किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कानून की नजर में देश के सभी नागरिक एक समान , ह्लश्री गांधी और कांग्रेस से मेरा अनुरोध है कि वह नियमों का पालन करें और अधिकारियों को आवश्यक जानकारी दें। उन्हें प्रस्तावित विदेश यात्रा से तीन सप्ताह पहले लोकसभा अध्यक्ष को सूचित करना चाहिए। अगर उन्हें विदेश में आतिथ्य सत्कार स्वीकार करना है, तो उन्हें एफसीआरए के तहत गृह मंत्रालय को सूचित करना करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कार की तलाशी में 1.15 लाख रुपए की चरस मिली, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा, यूटर्न/ 15 मई।** गौतमबुद्ध नगर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए थाना फेस-1 पुलिस और नारकोटिक्स टीम ने संयुक्त कार्रवाई में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 430 ग्राम अवैध चरस और तस्करी में प्रयुक्त एक कार बरामद की है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.15 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, थाना फेस-1 पुलिस और नारकोटिक्स टीम को लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग अभियान शुरू किया। शुक्रवार 15 मई को झुंडपुरा बॉर्डर सेक्टर-8 के पास पुलिस टीम ने एक सफेद रंग की मारुति सुजुकी सेलेरियो कार को रोककर जांच की। जांच के दौरान कार से 430 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके से कार चालक कुनाल बौद्ध पुत्र दोरजे बौद्ध को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के भुंतर थाना क्षेत्र के ग्राम सुराद का रहने वाला है और उसकी उम्र 23 वर्ष बताई गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस आरोपी से यह जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है कि वह चरस कहां से लाता था और नोएडा में किन लोगों को इसकी सप्लाई करता था।

### केजरीवाल पर अब एक की जगह दो मुकदमे चलेंगे: सचदेवा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायधीश स्वर्ण कांता शर्मा द्वारा दिल्ली की पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल पर अपनी निजी एवं परिवार की अवमानना का मुकदमा दायर करने के बाद शराब घोटाला मामले की सुनवाई छोड़ने का निर्णय उनकी आदर्श न्यायिक कार्य पद्धति एवं उच्च व्यक्तिगत आचरण का प्रमाण है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है की न्यायधीश शर्मा की अनेक चेतावनियों के बाद भी जब अरविंद केजरीवाल एवं अन्य आप नेता सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके एवं जन भाषणों में न्यायधीश पर अनुचित आरोप लगाते रहे तब अपने निजी एवं पारिवारिक सम्मान की रक्षार्थ उनके पास अरविंद केजरीवाल पर अवमानना का मुकदमा दायर करने के आलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

# पश्चिम एशिया में जारी युद्ध जैसे हालात के बीच पीएम मोदी का विदेश दौरा काफी महत्वपूर्ण : खंडेलवाल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**



भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच देशों के दौरे, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी, आम आदमी पार्टी पर अदालत की कार्रवाई और केरल की नई सरकार को लेकर प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे पर प्रवीण खंडेलवाल ने आईएएनएस से कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध जैसे हालात के बीच यह दौरा भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, ह्लप्रधानमंत्री इन देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रखेंगे। इससे वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति और मजबूत होगी। दुनिया में भारत की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है और आगे भी बनी रहेगी।ह्व पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये की बढ़ोतरी पर उन्होंने कहा कि इसका असर आम लोगों की जेब पर जरूर पड़ेगा, लेकिन लोगों को यह भी समझना होगा कि सरकार ने किन परिस्थितियों में यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा, ह्लवैश्विक हालात को देखते हुए भारत में केवल तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के कई देशों में ईंधन की कीमतों में इससे कहीं ज्यादा इजाफा हुआ है।ह्व इसी दौरान दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा द्वारा अरविंद केजरीवाल समेत कई आम आदमी पार्टी नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू किए जाने पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी।

खंडेलवाल ने कहा, ह्लअरविंद केजरीवाल और उनके साथी हर संवैधानिक संस्था पर हमला करते हैं। यह राजनीतिक अराजकता फैलाने की कोशिश है। कोर्ट के निर्देश साफ बताते हैं कि कानून सबसे बड़ा होता है और कानून से कोई नहीं बच सकता।ह्व उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर न्यायपालिका और जजों के खिलाफ अपमानजनक अभियान चलाना बेहद गंभीर मामला है और अदालत का फैसला कानून की ताकत को दिखाता है।

वहीं केरल में वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किए जाने पर भाजपा सांसद ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नई सरकार बदले की भावना से काम नहीं करेगी और केंद्र सरकार के साथ मिलकर राज्य के विकास को आगे बढ़ाएगी।

# मोदी सरकार निर्मित है देश का ईंधन संकट : खरगे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में उत्पन्न ईंधन समस्या को मोदी सरकार निर्मित संकट करार दिया और कहा कि इसके लिए सरकार में बैठे लोगों में दूरदर्शिता का अभाव तथा उनकी अक्षमता जिम्मेदार है।

श्री खरगे ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश की जनता को यह समझना होगा कि वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में नेतृत्व संकट, दूरदर्शी सोच का अभाव और अयोग्यता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट का खामियाजा जनता को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़े दामों के रूप में अपनी जेब से भुगतना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि डीजल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर व्यापक प्रभाव होता है और इससे पूरे देश में महंगाई की श्रृंखलाबद्ध मार पड़ती है, जिसका असर उद्योगों, किसानों और घरेलू बजट पर होता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के समय सरकार ने स्थिति को सामान्य बताने का प्रयास किया और कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाए गए वाजिब सवालों को खारिज किया है। उनका कहना था कि रूस से तेल खरीद को लेकर मार्च में अमेरिका ने 30 दिन की छूट की ह्यअनुमतिह्न देने जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को ऐसी स्थिति में क्यों पहुंचा दिया कि भारत को अनुमति मांगनी पड़े।

श्री खरगे ने कहा कि चुनाव के दौरान केंद्र सरकार यह संदेश देती रही कि सब कुछ सामान्य है लेकिन अब संकट बढ़ने पर प्रधानमंत्री लोगों को घर से काम करने और ईंधन बचाने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने यह भी वह कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब केंद्र सरकार ने आम जनता को राहत नहीं दी, बल्कि केंद्रीय करों के माध्यम से भारी राजस्व अर्जित किया। उन्होंने सवाल किया कि अब महंगाई का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।




# शिवली में अपराधियों पर बरकरार पुलिस का शिकंजा, टीम इंस्पेक्टर अमरेंद्र के हत्थे चढ़ा इनामी राजू बंजारा

**सुनील बाजपेई, कानपुर, यूटर्न/ 15 मई।** यहां देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा गो मांस तस्कर मो.जुबेर अंसारी पुत्र मो. रिजवान, निवासी 98/179 गोरा कब्रिस्तान बेकनगंज थाना बेकनगंज कानपुर नगर, आसिफ पुत्र शकील निवासी 98/179 मोहम्मदी अस्पताल के पास रेल पटरी बेकनगंज कानपुर नगर को 100 किग्रा0 गोमांस स्कूटी ले जाते हुये पकड़कर जेल भेजने के बाद अब उसके फरार साथी 15000 के इनामी को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस के अनुसार औरैया से लाने के बाद उपरोक्त गो मांस को जेल भेजे गए आरोपी कानपुर बेचने के लिये ले जा रहे थे ,लेकिन निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के अमरेंद्र बहादुर की सक्रियता के फल स्वरुप वे कानून के शिकंजे में फंसने से बच नहीं सके थे। पुलिस विभाग के माध्यम से जन सेवा के कर्तव्य मार्ग पर सफलता पूर्वक अग्रसर हर तरह के अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में भी अग्रणी लोक हित में अपनी धुन के पक्के इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई वाली टीम ने फरार चल रहे 15 हजार रुपये के ईनामिया अभियुक्त राजू बंजारा पुत्र लालाराम निवासी ग्राम रामपुर रामसहाय थाना अछल्दा जनपद औरैया को भी मुखबिर खास की सूचना पर भेवान नहर पुल से केशरी निवादा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 100 किलो गोमांस गिरफ्तार जेल भेजे जा चुके कल्लू कुरैशी पुत्र हसीन कुरैशी एवं जुनैद का यह सहयोगी साथी राजू बंजारा पुत्र लालाराम निवासी ग्राम रामपुर रामसहाय थाना अछल्दा जनपद औरैया फरार चल रहा था.

# ए एम इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल खरक पुनिया में मदर्स डे सेलिब्रेशन

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 15 मई। बरवाला से जींद रोड स्थित एक एम इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल खरक पुनिया में मदर्स डे सेलिब्रेशन बहुत धुमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपनी मां व दादी मांओ के साथ रंगारंग कार्यक्रम हरियाणवी परिधान व रस्सा कस्सी व मटका दौड़ में शामिल होकर खूब इंजॉय किया।



मटका दौड़ में प्रथम रीनु ब्याना खेड़ा से, द्वितीय मनजीत ढाड से और तृतीय बबीता ढाड से रस्सा कस्सी में पूजा खरक से, मनजीत ढाड, सुमन ढाड से,सीमा बधावड से, मनप्रीत बधावड से,रीनु गुराना से,गीता खरक पुनिया से, नन्ही खरक पुनिया से ,बबीता ढाड से, कृष्णा खरक पुनिया से, सुशीला गुराना से,रिंकल बधावड से व राजबाला खरक पुनिया से। सौ मीटर दौड़ में प्रथम रीनु खरक पुनिया से, द्वितीय पूजा खरक पुनिया से, एवं बीन्टु नलवा तृतीय स्थान पर रहे। और दादियों की सौ मीटर रेस में कृष्णा खरक पुनिया से प्रथम , गीता खरक पुनिया से द्वितीय व राजबाला खरक पुनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त रही।

सभी माताओं व दादियों ने स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद किया और कहा कि आज अध्यापिकाओं ने बचपन याद दिलवा दिया। गृहणियों को इस प्रकार के मंच देने में ए एम इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल हमेशा अग्रणी रहता है कार्यक्रम में मुख्य ब्रांड एंबेसडर के रूप में हरियाणा ड्रग फ्री रोल मॉडल बेटी सियाज पूनिया व मोटिवेशनल स्पीकर अवनी चौधरी रहीं।



## हरियाणा कला परिषद् व जीओ गीता गुरुकुल के संयुक्त सहयोग से आयोजित बांसुरी वादन कार्यशाला में डॉ राज कुमार, रजिस्ट्रार हरियाणा योग आयोग ने किया मार्गदर्शन

**परमिंदर सिंह / कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 15 मई।** हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय बांसुरी वादन कार्यशाला के पांचवे दिन हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार राज कुमार मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए । कार्यशला का शुभारंभ सरस्वती मां की आराधना और श्रीमदभगवत गीता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। गुरुकुल के ब्रह्मचारिओं ने तथा अन्य प्रतिभागियों ने बांसुरी पर सरगम के आरोही व अवरोही क्रम का अभ्यास बड़े ही मनोयोग से किया । मुख्य अतिथि ने गीता ज्ञान संस्थानम के इस प्रयास को सराहा व सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगीत से एकाग्रता का स्तर उन्नत होता है व परम शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने बांसुरी पर नियमित अभ्यास के लिए आव्हान किया तथा आग्रह किया कि संगीत को अपने जीवन में उतारें । उन्होंने ह्लसुख के सब साथी दुःख में न कोइह्व भजन को गा कर सभी प्रतिभागियों को आत्मविभोर कर दिया । उनके साथ ढोलक पर कार्यशाला के सहशिक्षक पवन गुंबर ने सहयोग दिया । आज मुख्य प्रशिक्षक डा मनीश कुकरेजा द्वारा राष्ट्र गान की धुन की प्रथम पंक्ति ह्लजन गण मन अधिनायक जय हैह्व को बांसुरी पर बजाने का अभ्यास कराया गया। ताल के अभ्यास में तीन ताल का अभ्यास कराया गया । इस कार्यशाला को सुचारू रूप से चलाने के लिए गीता ज्ञान संस्थानंम के शीर्ष अधिकारी विजय नरूला, मदन मोहन छाबड़ा,मुख्य प्रबंधक चोपड़ा , प्रदीप , जीओ गुरुकुल के शिक्षा प्रमुख विवेक कोहली, कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष वेद मिश्रा, शिक्षक अमित पांडे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्रोफेसर देवेंद्र तथा मुनि जी विशेष सहयोग दे रहे हैं।

# इंडियन ऑयल ने ड्रेन नंबर 2 पर बने नव निर्मित ददलाना पुल का किया उद्घाटन

**नवनिर्मित पुल बनने से होगा यातायात समस्या का समाधान**

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 15 मई। इंडियन ऑयल पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने अपने कॉर्पोरेट पर्यावरण उत्तरदायित्व (सीईआर) पहल के तहत शुक्रवार को ददलाना गांव के पास मुख्य ड्रेन नंबर 2 पर अभी हाल ही में नव-निर्मित पुल का उद्घाटन किया गया। पुल का उद्घाटन एम.एल. डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख द्वारा आसपास के गांवों के सरपंचों, पीआरपीसी अधिकारियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया। हरियाणा सिंचाई विभाग के सहयोग से निर्मित यह नया पुल ददलाना गांव के पास कोहंड-असंध राज्य राजमार्ग पर स्थित पुराने पुल के साथ बनाया गया है। इस पुल के बनने से इस रूट पर लंबे समय से चली आ रही यातायात की समस्या का समाधान हुआ है। यह पुराना पुल रिफाइनरी विस्तार, आस-पास के गांवों के विकास और पीआरपीसी में चल रही नई परियोजनाओं के चालू होने के कारण यातायात में वृद्धि के चलते एक प्रमुख बाधा बन गया था। गौरतलब है कि इस अतिरिक्त पुल से यातायात आवाजाही में उल्लेखनीय सुधार होने, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ने और टाउनशिप निवासियों, परियोजना वाहनों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए सुगम आवागमन की उम्मीद है।



यह अवसंरचना विकास क्षेत्र में बढ़ते औद्योगिक और आवासीय गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली भविष्य की यातायात मांगों को पूरा करने में भी सहायक होगा। इस पहल के माध्यम से, पीआरपीसी क्षेत्रीय विकास, सामाजिक प्रगति और पर्यावरण स्थिरता के प्रति समर्पित एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी प्रतिबद्धता को प्रभावी सीएसआर और सीईआर परियोजनाओं के माध्यम से दोहराता है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच नैनपाल राणा, सरपंच प्रतिनिधि ददलाना चरणजीत राणा, कश्मीरी लाल शर्मा, मास्टर भगवान दास राणा के अलावा शैलेंद्र कुमार सिन्हा, अजय बहादुर सिंह, नरेश कुमार आदि सहित काफी संख्या में रिफाइनरी अधिकारी और आसपास के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राजधानी दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में एक 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** राजधानी दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में एक 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान अंशिका पांडे के रूप में हुई है, जो लाल बाग, आजादपुर की रहने वाली थी। जानकारी के मुताबिक युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिवार और करीबी लोगों के अनुसार अंशिका नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी और यह उसका चौथा प्रयास था। बताया जा रहा है कि नीट परीक्षा रद्द होने और लगातार पढ़ाई के दबाव के चलते वह काफी तनाव में चल रही थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। परिजनों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण वे बिना पुलिस को सूचना दिए शव को केवल पार्क श्मशान घाट लेकर पहुंच गए। इसी दौरान पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए मामले की सूचना मिली। सूचना मिलते ही आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीजेआरएम अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी बनी जिला सचिवालय में आकर्षण का केंद्र



**पानीपत, यूटर्न/ 15 मई।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हरियाणा द्वारा जिला सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर लगाई गई सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रोजाना एक दर्जन से ज्यादा नागरिक , विभिन्न स्कूलों के बच्चे उत्साह पूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन रहे हैं। प्रदर्शनी में भगवान शिव से जुड़े प्रतीकों के आध्यात्मिक एवं दार्शनिक अर्थ, सोमनाथ मंदिर का गौरवशाली इतिहास, मंदिर के बार-बार हुए पुनर्निर्माण, वीर योद्धाओं के बलिदान, भारत की सांस्कृतिक चेतना, सनातन परंपरा तथा राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को आकर्षक चित्रों और विस्तृत जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। अब तक 500 के करीब अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन प्रदर्शनी का अवलोकन कर चुके हैं तथा प्रदर्शित सामग्री को गहरी रुचि और श्रद्धा के साथ देख रहे हैं।

# आज की भागदौड़ की जीवनशैली में बच्चे खेल जरूर खेलें : वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी

**डायरेक्टर अजय सैनी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं तथा खेल भावना को बढ़ावा देती हैं।**

» हरियाणा, यूटर्न/ 15 मई।



आज की भागदौड़ की जीवनशैली में बच्चे खेल जरूर खेलें। इससे हम अपने तन व मन को फिट रख सकते हैं। ये फिट रहेंगे तो हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। यह बात मीडिया वैलबीइंग एसोसिएशन के नार्थ इंडिया सीनियर वाइस प्रेसिडेंट वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी ने यहां जाट धर्मशाला में सुप्रीम अकादमी ऑफ स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित 9वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप 2026 में बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पूर्व उन्होंने अकादमी डायरेक्टर अजय सैनी व प्रशिक्षकों के साथ खिलाडियों के बीच चैंपियनशिप की शुरूआत करवाई। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। भुटानी ने सभी विजेताओं को मैडल पहनाकर व टीमों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डायरेक्टर अजय सैनी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं तथा खेल भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि हांसी क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा कराटे जानता हो। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने द्वितीय तथा गुरु तेग बहादुर स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालयों का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शुभम लोहान, ज्योति सिसोदिया, हरीश ठाकुर, पवन सैनी, विकास जांगड़ा, आंचल, श्रुति शर्मा, सुरेखा, दीपशिखा और काशिश आदि सदस्य शामिल रहे।

# शिक्षा के स्तर पर चमका विद्यालय ढाणी खान बहादुर

» हरियाणा, यूटर्न/ 15 मई।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी खान बहादुर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का 10+2 परीक्षा परिणाम 96.4 प्रतिशत रहा। कुल 83 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 49 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। स्नेहा ने 96.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, टीना ने 92.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा गौरव ने 92% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में शारीरिक शिक्षा में 99, हिंदी में 97, अर्थशास्त्र में 96, अकाउंटेंसी व अंग्रेजी में 95, समाजशास्त्र में 93, भौतिक विज्ञान में 90, रसायन विज्ञान में 89 , जीव विज्ञान में 88 तथा भूगोल में 96 अंक प्राप्त हुए।

वहीं दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। नेहा ने 98.2% अंक प्राप्त कर प्रथम, योगिता ने 97% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा मोहित ने 96.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 68 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट तथा 50 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। दसवीं कक्षा में विषयवार उत्कृष्ट परिणाम में शारीरिक शिक्षा व सामाजिक विज्ञान में 100, अंग्रेजी में 98, विज्ञान व संस्कृत में 97 तथा गणित व हिंदी में 96 अंक प्राप्त किए गए।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सैनी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार का उद्देश्य







विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है तथा भविष्य में भी विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# मोमोज लेने गए सफाई कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, मौत

» लोनी, यूटर्न/ 15 मई।

बाइक पर मोमोज लेने गए सफाई कर्मचारी को बुधवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से घायल कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई। कर्मचारी का साथी मामूली रूप से चोटिल हो गया। ठेकेदार ने कर्मचारी से मोमोज मंगाए थे। परिजनों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस वाहन की पहचान के प्रयास कर रही है।




पचायरा गांव में दीपांशु (22) परिवार के साथ रहते थे। परिवार में मां बबीता, पत्नी पायल, ढाई वर्षीय मनन व छह माह की बेटी हैं। वह लोनी नगर पालिका में सफाई कर्मचारी थे। मौजूदा समय में वह मीरपुर हिंदू गांव के कूड़ा प्लांट में नौकरी कर रहे थे। उनके भाई दीपक ने बताया कि चार साल पहले दीपांशु की शादी हुई थी। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम को छुट्टी होने पर प्लांट में कार्यरत ठेकेदार ने घर लौटने से पहले भाई व उसके एक साथी आदेश को गांव के पास स्थित शिव मंदिर के पास से खाने पीने का सामान लेने भेजा था।

सामान लेकर लौटते समय तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे भाई व साथी रोड पर जा गिरे और भाई के सिर में गंभीर चोट आई। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। जहां देर रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन ग्रामीणों के साथ शव को कूड़ा निस्तारण प्लांट पर लेकर पहुंचे और आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की। स्थानीय जनप्रतिनिधि के आश्वासन पर परिजन शव लेकर लौट गए। लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मृतक के परिजन द्वारा शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# दिल्ली-एनसीआर के वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन पकड़े

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 मई।



नंदग्राम थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया है जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से बाइक चोरी कर सस्ते दामों में बेचते थे। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया है, जबकि उसके दो साथियों ने उसी दौरान पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। गिरोह की निशानदेही पर चोरी की नौ बाइक और कलपुर्जे बरामद किए गए हैं। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि बुधवार देर रात नंदग्राम पुलिस रोटरी गोल चक्कर पर वाहन चैकिंग कर रही थी। उसी दौरान दो बाइकों पर सवार होकर आए तीन संदिग्ध युवकों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार संदिग्ध भागने लगे और टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। जबकि उसके दो साथियों की घेराबंदी की तो उन्होंने अपने हाथ खड़े करके सर्मपण कर दिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में घायल आरोपी ने अपना नाम अनिल कुमार (25) निवासी ग्राम अटोर नंगला हाल निवासी गोविंदपुरम थाना मधुबन बापूधाम व उसके साथियों ने मोहित उर्फ रोहित उर्फ तीतर उर्फ तन्नी (25) निवासी कृष्णा नगर थाना नंदग्राम और सत्यप्रकाश उर्फ सत्या निवासी मंगल बाजार कृष्णा नगर थाना नंदग्राम बताए हैं। घायल अनिल कुमार पर 19, मोहित पर सात और सत्या के खिलाफ पांच केस दर्ज हैं। गिरोह की निशानदेही पर हिंडन विहार से चोरी की नौ बाइक, एक बाइक के कलपुर्जे, तीन तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं। एसीपी नंदग्राम ने बताया कि गिरोह दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र से बाइक चोरी कर हिंडन विहार स्थित खाली मैदान की झाड़ियों में छिपा देते थे।



# लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 5 बदमाश गिरफ्तार

» नोएडा, यूटर्न/ 15 मई।

नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह का खुलासा किया है, जो कार में लिफ्ट देने के बहाने लोगों को निशाना बनाकर उनसे जबरन यूपीआई और एटीएम के जरिए पैसे ट्रांसफर करवा लेता था। पुलिस ने इस गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार और फर्जी नंबर प्लेट लगी एक कार बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 15 मई को थाना सेक्टर-39 पुलिस टीम ने स्टेलर ग्रीन पार्क के पास चेकिंग अभियान के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान नसीम अली, अभिषेक कुमार, विवेक, कार्तिक ठाकुर और मनोज कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एनसीआर क्षेत्र में कार से घूमते थे और रास्ते में मिलने वाले लोगों को लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठा लेते थे। इसके बाद आरोपी यात्रियों को अवैध हथियार दिखाकर डराते-धमकाते थे और उनसे एटीएम तथा यूपीआई के माध्यम से रकम ट्रांसफर करवा लेते थे।

वारदात को अंजाम देने के बाद पीड़ितों के साथ मारपीट कर उन्हें सुनसान इलाके में छोड़ दिया जाता था। गिरफ्तार आरोपी नसीम अली मूल रूप से एटा जिले का रहने वाला है और वर्तमान में हल्दौनी क्षेत्र में किराये पर रह रहा था। वहीं अभिषेक कुमार बिहार के नालंदा जिले का निवासी है, जबकि विवेक समस्तीपुर का रहने वाला बताया गया है। अन्य आरोपी कार्तिक ठाकुर और मनोज कुमार छिजारसी क्षेत्र में रह रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह का सरगना नसीम अली पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ इकोटेक-3 और सेक्टर-39 थानों में आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उज्जैन गया परिवार, चोरों ने तोड़े घर के ताले

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 15 मई।** वसुंधरा सेक्टर 1 स्थित मकान संख्या 525 के ताले तोड़ कर चोरों ने पूरा घर खंगाल डाला। मकान मालिक दक्ष चौहान अपनी पत्नी नीशू के साथ उज्जैन गए हुए थे। वारदात 12 मई की देर रात करीब 1 बजे हुई। 13 मई की सुबह घर पहुंची घरेलू सहायिका ने ताले टूटे देख पड़ोसियों व मकान मालिक को फोन पर सूचना दी। दक्ष चौहान के ससुर नोएडा के दादरी निवासी आनंद सिंह सिसोदिया की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार देर रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में आनंद सिंह सिसोदिया ने बताया कि उनकी बेटी-दामाद 11 मई को महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन गए थे। 13 मई की रात अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे से लेकर अंदर की अलमारी और लॉकर तक के ताले तोड़ डाले। काफी देर तक रुककर घर को पूरा खंगाला। इसके बाद अलग-अलग कमरे के लॉकर में रखे सोना, चांदी और हीरे के गहने चोरी कर लिए। बुधवार सुबह जब घरेलू सहायिका पहुंची तब ताला टूटा देख तुरंत मकान मालिक और पड़ोसियों को सूचना दी। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं है। सूचना मिलते ही नोएडा से वह बेटी के घर पहुंचे। देर रात तक इंदौर पहुंचे दामाद और बेटी नीशू भी घर लौट आए। डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया। पुलिस कर्मियों ने पूरा मौका मुआयना किया। इसके बाद उन्होंने तहरीर दी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक संदिग्ध कार दिखाई दी है।

### दिन दहाड़े महिला के गले से चेन खींच ले गए युवक

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 15 मई।** ज्ञान खंड 1 निवासी प्रीति नासा के गले से दो अज्ञात बाइक सवारों ने चेन खींचकर भाग निकले। वारदात 13 मई की शाम वसुंधरा सेक्टर 15 में हुई। वारदात के समय उन्होंने शोर मचाया, लेकिन आरोपी भाग निकले। पुलिस ने 14 मई को प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज मामले में प्रीति नासा ने बताया कि वह मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे बाजार गई थीं। रास्ते में एक बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके गले में पड़ी चेन खींचकर भाग गए। अचानक गले पर हाथ लगने पर वह डर गईं और हमले की आशंका पर शोर मचा दिया। हालांकि आरोपी बाइक सवार तब तक मौके से भाग चुके थे। बताया कि उनकी गर्दन पर आरोपी के नाखून भी लगे हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### दीवार बनाने पर पड़ोसी ने डाला खौलता पानी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 15 मई।** वैशाली स्थित जज कॉलोनी निवासी गुनीत सिंह ने अपने पड़ोसी राम अवतार सिंह चौहान और उनकी पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि अपने हिस्से में दीवार निर्माण कराते समय आरोपियों ने विवाद किया और खौलता पानी डाल दिया। इससे उनका हाथ जल गया। मामला 12 मई का है। पुलिस ने 14 मई को प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज मामले में गुनीत सिंह ने बताया कि वह घर के अंदर अपने हिस्से में दीवार का निर्माण करा रहे हैं। आरोप है कि पड़ोसी राम अवतार सिंह चौहान इस पर बार-बार आपत्ति जताते हैं। बताया कि मंगलवार को आरोपी की पत्नी ने खौलता हुआ पानी डाल दिया। इससे उनका हाथ जल गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित पक्ष ने विवाद के दौरान रिकॉर्ड की गई वीडियो भी पुलिस को दी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी कागजात से मकान पर कब्जा करने के आरोप में आठ पर रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 15 मई।** रामेश्वर पार्क कॉलोनी में फर्जी कागजात से मकान पर कब्जा करने के आरोप में अंकुर विहार थाने में महिला समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। देवराज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने कुछ साल पहले कॉलोनी में प्लॉट खरीदा था। उन्हें जानकारी मिली कुछ लोग उनके प्लॉट पर कब्जा कर रहे हैं। जानकारी मिलने पर जब वह प्लॉट पर पहुंचे तो जाहिद, अजय और पांच अज्ञात साथियों के साथ प्लॉट पर पहुंचकर उनके साथ गाली गलौज करने लगे। प्लॉट की चहारदीवारी गिरा दी।

### गैस बिल अपडेट करने के नाम पर दो लोगों से 3.84 लाख की ठगी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 15 मई।** आईजीएल बिल अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगों ने दो लोगों से ठगी कर ली। बृज विहार निवासी कमल कुमार गौतम के बैंक खाते से 1.96 लाख रुपये और संदीप कुमार 1.88 लाख रुपये ठगों ने निकाल लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर 14 मई को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में कमल कुमार गौतम ने बताया कि 3 मई की शाम उनके मोबाइल फोन पर आईजीएल बिल अपडेट न करने पर कनेक्शन कटने का मैसेज आया। उस मैसेज में एक एपीके फाइल भी भेजी गई थी।

# जनकपुरी के स्कूल में बच्ची से दुष्कर्म मामले में महिला टीचर गिरफ्तार, केयरटेकर पहले हो चुकी है अरेस्ट

» दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।

पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी में स्थित प्राइवेट स्कूल में कथित तीन वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में स्कूल की महिला टीचर (57) को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में स्कूल के केयरटेकर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि टीचर को बाद में कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि पीड़ित बच्ची की मां ने आरोप लगाया था कि इस मामले में एक टीचर भी शामिल है।



पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार 1 मई को एक महिला ने जनकपुरी पुलिस स्टेशन में अपनी बच्ची से दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई। महिला ने आरोप लगाया कि 30 अप्रैल को स्कूल में एडमिशन के दूसरे दिन स्कूल के समय के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया गया। घर लौटने पर बच्ची ने दर्द की शिकायत की और पूछने पर केयरटेकर की हरकत के बारे में बताया। शिकायत के आधार पर, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने दर्ज शिकायत के आधार पर बच्ची के पहचाने जाने के बाद केयरटेकर को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 7 मई को एक स्थानीय कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के विरोध के बावजूद उसे जमानत दे दी।

पुलिस ने कहा कि वे जमानत के इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे। महिला ने दावा किया था कि परिवार को पुलिस स्टेशन में कई घंटों तक इंतजार कराया गया। पुलिस ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि जांच निष्पक्ष और पेशेवर तरीके से की गई है।

### महिला शिक्षिका की इस वजह से हुई गिरफ्तारी

महिला शिक्षिका को लेकर पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया था कि घटना के दौरान वह मौके पर मौजूद थी और उसने बच्ची की मदद नहीं की। इसी आधार पर पुलिस ने उससे पूछताछ की थी। परिवार ने शिक्षिका की भूमिका पर सवाल उठाए थे। पुलिस ने इस मामले में केयरटेकर की गिरफ्तारी के बाद से स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। पुलिस के सामने बच्ची ने स्कूल के अलग कमरे की ओर इशारा करते हुए बताया था कि वहीं आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में शिक्षिका के खिलाफ पुलिस को कुछ साक्ष्य मिले, जो उसकी संदिग्ध भूमिका की ओर इशारा कर रही है। इसलिए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर इस मामले की साक्ष्य हासिल करने की कोशिश कर रही है।

अदालत ने शिक्षिका को एक दिन की रिमांड पर भेजा : शिक्षका की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया। पुलिस ने उससे पूछताछ और इस मामले में साक्ष्य हासिल करने के लिए अदालत से दो दिन की रिमांड मांगी। अदालत ने दलील सुनने के बाद शिक्षिका को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# नई लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**



भारतीय बाजार में लैंड रोवर ने अपनी नई लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी लॉन्च कर दी है। यह मॉडल रेंज रोवर स्पोर्ट के लिमिटेड एसवी एडिशन टू वेरिएंट से नीचे रखा गया है। इसकी कीमत करीब 30 लाख रुपये कम है। कंपनी ने इसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 2.05 करोड़ रुपये तय की है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है, जबकि डिलीवरी अगस्त 2026 से शुरू होने की संभावना है। दमदार इंजन, शानदार डिजाइन और हाई-टेक फीचर्स के चलते यह एसयूवी लॉन्च होते ही चर्चा में आ गई है। कंपनी के अनुसार नई रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी खासतौर पर भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें भारत के लिए विशेष पेंट ऑप्शन दिए गए हैं, जिनमें सैटिन ग्रीन, मैट ऑरेंज, ग्लॉस ब्लू, मैट वॉयलेट और ग्लॉस टील जैसे रंग शामिल हैं। इन कलर्स के साथ ब्लैक रूफ और 22 इंच के फोर्ज्ड अलॉय व्हील्स इसे बेहद आकर्षक लुक देते हैं। एसयूवी के बाहरी हिस्से में 'एसवी' बैजिंग, चार एग्जॉस्ट पाइप, ब्लैक आउट पिलर्स, स्पोर्टी ग्रिल और स्टाइलिश रियर स्पॉइलर दिया गया है।

कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी केवल 3.8 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है।

इंटीरियर में पर्फोरेटेड विंडसर लेदर सीट्स, स्लाइडिंग पैनोरमिक सनरूफ, मेरिडियन साउंड सिस्टम और इल्यूमिनेटेड डोर सिल्स जैसे प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं। नई एसयूवी में 4.4 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 माइल्ड-हाइब्रिड पेट्रोल इंजन दिया गया है।

# वैश्विक संकट के बीच भारत में कम बढ़ीं ईंधन कीमतें, केंद्र ने खुद उठाया आर्थिक बोझ: पीयूष गोयल

**एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वैट घटाने के फैसले को लेकर पीयूष गोयल ने कहा कि यह कदम नागर विमानन क्षेत्र और पर्यटन उद्योग के लिए बड़ी राहत साबित होगा। सरकार ने एटीएफ पर लगने वाले वैट को 18 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत करने का फैसला लिया है।**

» **मुंबई, यूटर्न/ 15 मई।**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में वैश्विक परिस्थितियों, ईंधन कीमतों, एविएशन सेक्टर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर कई अहम बातें कहीं।

आईएएनएस से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मध्य पूर्व में उत्पन्न हुई परिस्थितियों के कारण कई नीतिगत बदलावों पर चर्चा चल रही है और जल्द ही इन पर अंतिम फैसला हो सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भारत में इसका असर अपेक्षाकृत कम रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील नेतृत्व की वजह से केंद्र सरकार ने अतिरिक्त आर्थिक बोझ खुद उठाया है ह्व उन्होंने कहा कि सरकार ने उत्पाद शुल्क में 10 रुपए की कटौती की ताकि आम लोगों पर महंगाई का असर कम पड़े।

गोयल ने कहा कि उर्वरक क्षेत्र में भी सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए करीब 3,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च किया है, लेकिन किसानों के लिए खाद की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इसी वजह से केंद्र सरकार को लाखों-करोड़ों रुपए की सब्सिडी देनी पड़ रही है।

एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वैट घटाने के फैसले को लेकर पीयूष गोयल ने कहा कि यह कदम नागर विमानन क्षेत्र और पर्यटन उद्योग के लिए बड़ी राहत साबित होगा। सरकार ने एटीएफ पर लगने वाले वैट को 18 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन क्षेत्र इस समय काफी दबाव में है और यह फैसला लंबे समय में इस सेक्टर को मजबूत देगा। साथ ही इससे पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। गोयल ने विपक्ष शासित राज्यों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अब बहुत कम राज्य बचे हैं और उन्हें भी इस फैसले से सीख लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर पूछे गए सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह विपक्ष की मांग नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री ने स्वयं अपनी सुरक्षा व्यवस्था में कटौती की है। उन्होंने कहा, ह्लहम प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मैं आग्रह करूंगा कि उनकी सुरक्षा कम नहीं की जानी चाहिए। वह देश के प्रधानमंत्री होने के साथ-साथ विश्व के एक बड़े नेता भी हैं ह्व गोयल ने कहा कि सरकार के सभी मंत्री और विभाग मिलकर अनावश्यक खर्चों को कम करने और विशेष रूप से पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों की खपत घटाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। साथ ही जनता से भी ईंधन बचाने और संसाधनों का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की अपील की जा रही है।

# टोयोटा ने रखा हर साल एक लाख गाड़ियां बनाने का लक्ष्य




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**

भारत में टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन अपनी नई फैक्ट्री स्थापित करने जा रही है। जापानीज कंपनी टोयोटा यह प्लांट महाराष्ट्र के बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में लगाया जाएगा। इस प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता एक लाख गाड़ियों की होगी। कंपनी ने उम्मीद जताई है कि इस नए संयंत्र में वर्ष 2029 की पहली छमाही से उत्पादन शुरू हो जाएगा। टोयोटा के अनुसार, इस फैक्ट्री में स्टैम्पिंग, वेल्डिंग, पेंटिंग और असेंबली जैसे सभी प्रमुख विनिर्माण कार्य किए जाएंगे। विशेष रूप से, यहां एक नए एसयूवी मॉडल का निर्माण भी होगा। कंपनी का मानना है कि यह नया प्लांट भारत और आसपास के बाजारों में वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस बीच, टोयोटा भारतीय बाजार में अपनी नई पीढ़ी की फॉर्च्यूनर और हाइलक्स को उतारने की तैयारी में भी जुटी है। नई फॉर्च्यूनर में ज्यादा शार्प डिजाइन, नई एलईडी हेडलाइट्स और एक चौड़ी ग्रिल देखने को मिलेगी। इसके इंटीरियर में दो 12.3 इंच की स्क्रीन, कनेक्टेड कार तकनीक, 360 डिग्री कैमरा और एडीएएस फीचर्स जैसे आधुनिक फीचर्स दिए जा सकते हैं। टोयोटा का दृढ़ विश्वास है कि भारत आने वाले वर्षों में उसके लिए एक महत्वपूर्ण मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात केंद्र के रूप में उभरेगा। टोयोटा कंपनी की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से लगभग 2800 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

# भारत का अप्रैल में निर्यात 13.6 प्रतिशत बढ़कर 80 अरब डॉलर के पार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**



भारत का निर्यात अप्रैल में सालाना आधार पर 13.6 प्रतिशत बढ़कर 80.8 अरब डॉलर हो गया है, इसमें गुड्स की हिस्सेदारी 43.56 अरब डॉलर और सर्विसेज की हिस्सेदारी 37.2 अरब डॉलर रही है।

पिछले साल अप्रैल में गुड्स निर्यात 38.28 अरब डॉलर और सर्विसेज निर्यात 32.8 अरब डॉलर था।

भारत के निर्यात में ऐसे समय पर बढ़ोतरी देखी गई, जब अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हॉर्मुज स्ट्रेट बंद होने से मध्य पूर्व के कई देशों को निर्यात प्रभावित है।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्रीय चुनौतियों के बावजूद निर्यात में मजबूती बनी हुई है, जिसका श्रेय भारत की नई भौगोलिक क्षेत्रों और उत्पाद बाजारों में विविधता लाने की क्षमता को जाता है। निर्यात के साथ भारत के आयात में भी बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल में कुल आयात 88.6 अरब डॉलर था, जो कि पिछले साल समान अवधि में 82.3 अरब डॉलर था। अप्रैल में गुड्स का आयात बढ़कर 71.9 अरब डॉलर हो गया है, जो कि अप्रैल 2025 में 65.4 अरब डॉलर था। सर्विसेज आयात कम होकर 16.66 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पहले 16.9 अरब डॉलर था। आयात में बढ़ोतरी होना दिखाता है कि देश की अर्थव्यवस्था में मांग मजबूत बनी हुई है।

इसके चलते भारत का वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 28.4 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 27.1 अरब डॉलर था।

वहीं, सर्विसेज सरप्लस बढ़कर अप्रैल में 20.54 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 15.9 अरब डॉलर था। यूएस, भारत के लिए सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य स्थान बना हुआ। वहीं, चीन देश के आयात का सबसे बड़ा स्रोत बना रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2026 में 1,821 नए उत्पाद-देश निर्यात संयोजन स्थापित किए, जो एक व्यापक विविधीकरण रणनीति को दर्शाता है। भारत का सोने का आयात अप्रैल 2026 में तेजी से बढ़कर 5.63 अरब डॉलर हो गया, जबकि अप्रैल 2025 में यह 3.1 अरब डॉलर था।

## मजबूत डॉलर से सोना और चांदी धराशाई; दाम 11,700 रुपए तक कम हुए

**मुंबई, यूटर्न/ 15 मई।** सोने और चांदी की शुरूआत शुक्रवार को गिरावट के साथ हुई और दोनों कीमती धातुओं में 11,700 रुपए तक की कमजोरी देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,91,102 रुपए के मुकाबले 11,102 रुपए या 3.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,80,000 रुपए पर था। इंट्रा-डे में इसने 2,79,458 रुपए का लो बनाया है, जो कि पिछली क्लोजिंग से 11,644 रुपए कम है। वहीं, इंट्रा-डे हाई 2,83,938 रुपए का था।सुबह 10:06 पर चांदी 2.94 प्रतिशत या 8,563 रुपए की कमजोरी के साथ 2,82,539 रुपए पर थी। चांदी के साथ सोने में भी कमजोरी देखने को मिली।

## संक्षिप्त खबरें

### अगले कुछ वर्षों में 16 नई एसयूवी लॉन्च करेगी महिंद्रा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** देश के एसयूवी बाजार में महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पर बढ़ रही है। महिंद्रा ने घोषणा की है कि वह अगले कुछ वर्षों में कुल 16 नई एसयूवी लॉन्च करेगी, जिनमें से पांच मॉडल अगले साल तक ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। इस विस्तार योजना में मौजूदा मॉडलों के फेसलिफ्ट संस्करणों के साथ-साथ कई नए इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं, जो महिंद्रा की भविष्य की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आगामी मॉडलों में, नई महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन में एक अपडेटेड ग्रिल, नई हेडलाइट्स और 18 इंच के अलॉय व्हील्स जैसे बाहरी बदलाव देखने को मिलेंगे। इंटीरियर में, 10.25 इंच की बड़ी स्क्रीन और एक डिजिटल क्लस्टर इसे और अधिक प्रीमियम लुक देंगे। इसी तरह, लोकप्रिय ऑफ-रोडर महिंद्रा थार के नए संस्करण में वेंटिलेटेड सीट्स और वायरलेस चार्जिंग जैसे आधुनिक फीचर्स जोड़े जाएंगे, जो इसे दैनिक उपयोग के लिए और अधिक सुविधाजनक बनाएंगे। कंपनी एक नई कॉम्पैक्ट एसयूवी महिंद्रा विजन.एस पर भी काम कर रही है, जो एक्सयूवी 3एक्सओ और थार के बीच की जगह को भरेगी और इसमें पेट्रोल व डीजल दोनों इंजन विकल्प मिलने की संभावना है।

### रेनो जल्द लांच करेगी नई एसयूवी रेनो ब्रिजर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।** भारतीय बाजार में रेनो कंपनी अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी रेनो ब्रिजर को लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसे अनौपचारिक रूप से मिनी डस्टर के नाम से भी जाना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह नई एसयूवी अपने सेगमेंट में माइलेज के मामले में एक नया बेंचमार्क स्थापित कर सकती है, क्योंकि इसमें नया 1.2 लीटर हाइब्रिड इंजन दिए जाने की संभावना है, जो 30 किलोमीटर प्रति लीटर से अधिक का प्रभावशाली माइलेज देने में सक्षम होगा। यह अत्याधुनिक 3-सिलेंडर इंजन विशेष रूप से मिलर साइकिल तकनीक पर आधारित होगा, जिसे उसकी बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी और कम उत्सर्जन के लिए जाना जाता है। रेनो ने इस तकनीक का उपयोग पहले अपनी डेसिया डस्टर में सफलतापूर्वक किया है, और अब इसे भारतीय बाजार के लिए अनुकूलित किया जा रहा है। माना जा रहा है कि यही उन्नत तकनीक नई ब्रिजर को उत्कृष्ट माइलेज प्रदान करने में मदद करेगी, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल भी बनेगी। इसके अलावा, रेनो ने संकेत दिया है कि दिवाली 2026 तक रेनो डस्टर हाइब्रिड को भी लॉन्च किया जा सकता है।

# देश में पेट्रोल 3.14 और डीजल 3.11 रुपये प्रति लीटर महंगा, नई दरें आज से लागू

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**

देशभर में शुक्रवार से पेट्रोल और डीजल के नए रेट जारी किए गए। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 3.14 रुपये प्रति लीटर बढ़ाकर 97.77 रुपये कर दी गई है, जबकि डीजल 3.11 रुपये महंगा होकर 90.67 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

इस बीच, मध्य पूर्व संकट के चलते तेल कंपनियों ने सीएनजी की कीमतों में भी बढ़ोतरी की है। शुक्रवार से सीएनजी की कीमत में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई है। दिल्ली में सीएनजी की नई दर 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।




वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में लगातार तेजी बनी हुई है। इसका सीधा असर भारतीय तेल कंपनियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ा है। बढ़ती लागत और भारी नुकसान के बीच सरकारी तेल कंपनियों ने आखिरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है।

सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कहना है कि महंगे क्रूड ऑयल की वजह से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पहले ही संकेत दे चुके थे कि तेल कंपनियों को रोजाना 1000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा हो रहा है। उनका कहना था कि यदि खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई तो एक तिमाही में कंपनियों का कुल नुकसान 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है।

पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के अनुसार, भारतीय बास्केट में कच्चे तेल की औसत कीमत पिछले तीन महीनों से 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई है। अप्रैल 2026 में यह औसत 114 डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि मई में भी कीमत करीब 104 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई है।

वहीं, इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्राओं को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने की अपील की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### वीएलटीडी में आ रही समस्याओं के विरोध में बस ऑपरेटरों ने की बैठक

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 मई।** पुराने व्यावसायिक वाहनों में वीएलटीडी लगवाने के आदेश के बाद आ रही समस्याओं के विरोध में बृहस्पतिवार को टूरिस्ट बस ऑपरेटर ने एक बैठक का आयोजन किया। यूनियन के अध्यक्ष संदीप त्यागी ने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से सभी व्यावसायिक वाहनों में वीएलटीडी लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई भी ऑथराइज्ड वीएलटीडी डीलर नहीं है। जिस कारण वाहन स्वामी डिवाइस नहीं लग पा रहे हैं। इस वजह से फिटनेस नहीं हो पा रही है और फिर परमिट का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। साथ ही ऑल इंडिया टैक्स भी जमा नहीं हो पा रहा है। इससे वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि सरकार ने जल्द ही इस पर संज्ञान नहीं लिया तो ट्रांसपोर्टर्स की ओर से बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में जयप्रकाश राणा, प्रिंस चौधरी, सरवन कुमार, अरिहंत जैन, जितेंद्र शर्मा, राजेंद्र राणा, अमित त्यागी व सोनवीर चौधरी आदि ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर की समस्याएं दूर करने के लिए आज से लगेगा शिविर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 मई।** स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आज से तीनों जोन के एसडीओ व एक्सईएन के कार्यालयों में विशेष शिविर लगाया जाएगा। एसडीओ व एक्सईएन की निगरानी में ही समस्याएं सुनी जाएंगी और उनका गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाएगा। स्मार्ट मीटर धारकों की समस्याओं के समाधान के बाद नए स्मार्ट मीटर लगाने पर विचार किया जाएगा। जोन एक के मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि स्मार्ट मीटर की तमाम शिकायतें उपभोक्ता कर रहे हैं।

# उद्यमियों को बिजली संकट से राहत दिलाने की कोशिश में एचएसआईआईडीसी

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 15 मई।**

हरियाणा औद्योगिक संरचनात्मक विकास निगम ने बिजली विंग ने गर्मी के दिनों में उद्यमियों को बिजली संकट से राहत दिलाने की कोशिश शुरू की है। हालांकि आईएमटी मानेसर के उद्यमियों ने वोल्टेज के उतार चढ़ाव और बिजली कटौती की शिकायत भी की है। एचएसआईआईडीसी के बिजली विंग ने पिछले साल टेक्नोलॉजी पार्क में बने 220 केवी सबस्टेशन से औद्योगिक इलाकों में केबल से जोड़ना



शुरू किया है। पिछले दिनों आईएमटी मानेसर के सेक्टर-8 को टेक्नोलॉजी पार्क के 220 केवी सबस्टेशन से अंडरग्राउंड केबल के माध्यम से जोड़ दिया है। इससे आईएमटी में सेक्टर-8 की औद्योगिक इकाइयों को राहत मिलेगी।

एचएसआईआईडीसी के सीनियर मैनेजर (बिजली) दिनेश सिंह ने बताया कि टेक्नोलॉजी पार्क का सबस्टेशन पिछले साल हरियाणा विद्युत प्रसार निगम ने उद्योग जगत के लिए तैयार किया था। आईएमटी सेक्टर-8 के औद्योगिक इलाके के 66 केवी सबस्टेशन से अंडरग्राउंड केबल के माध्यम से जोड़ा गया है ताकि औद्योगिक इलाके में बिजली की मांग पूरी हो सके। इसे अन्य इलाके में भी जोड़ा जाएगा।

**सात महीने बाद तैयार होगा टेक्नोलॉजी पार्क नया सबस्टेशन**

एचएसआईआईडीसी भविष्य में बिजली की जरूरतों को देखते हुए टेक्नोलॉजी पार्क में 63 एमवीए का एक सबस्टेशन तैयार कर रहा है। दिनेश सिंह ने बताया कि 28 करोड़ की लागत से बन रहा यह सबस्टेशन अगले सात महीने में चालू हो जाएगा। इससे औद्योगिक इलाके में निर्बाध बिजली की आपूर्ति होगी।

**इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर होने से गुल हो रही बिजली**

मानेसर इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन गेंद ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की कमी हो रही है। गर्मी की शुरूआत से बिजली कटौती और लचर इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण फॉल्ट की दिक्कतें आ रही है। संगठन के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया वोल्टेज के उतार चढ़ाव की शिकायतें आ रही है। पिछले दिनों फीडरों को बदलने के जो टेंडर हुए थे, उनपर काम नहीं हुआ है।

# 50-50 प्रतिशत की साझेदारी में तैयार होगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, एयरोसिटी के लिए लैंड पूलिंग का प्रयोग

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 मई।**

जिले में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम को जमीन पर उतारने की दिशा में जीडीए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) 50-50 प्रतिशत साझेदारी में विकसित करेंगे। निर्माण से लेकर भविष्य की आय तक दोनों पक्षों की बराबर हिस्सेदारी होगी।

बृहस्पतिवार को बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई। इस संबंध में जल्द ही एमओयू साइन कर निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्टेडियम के आसपास होटल, खेल गतिविधियों के केंद्र और व्यावसायिक सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इससे इसे एक स्पोर्ट्स और कॉमर्शियल हब के रूप में विकसित करने की योजना है।

**बोर्ड बैठक में 13 प्रस्तावों को मंजूरी :** जीडीए कार्यालय में 172वीं बोर्ड बैठक मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गाजियाबाद के विकास से जुड़े कई बड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अधिकारियों के अनुसार, इन परियोजनाओं से जिले की शहरी तस्वीर बदलने और रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल, वित्त नियंत्रक एके वाजपेयी, सचिव विवेक मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### पहली बार लैंड पूलिंग का प्रयोग

बैठक में एयरोसिटी प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा हुई। इस परियोजना में मोरटा, अटौर और मेवला अगरी गांवों की लगभग 200 हेक्टेयर भूमि को शामिल किया जाएगा। इसमें पहली बार लैंड पूलिंग नीति लागू होगी। इसके तहत किसानों की जमीन विकसित कर उन्हें उसका हिस्सा वापस दिया जाएगा।

परियोजना पर 2,813 करोड़ रुपये खर्च प्रस्तावित हैं। यहां आधुनिक आवासीय सेक्टर, व्यावसायिक केंद्र, कन्वेंशन सेंटर और मनोरंजन सुविधाएं विकसित होंगी। साथ ही सड़क निर्माण में अंतरराष्ट्रीय तकनीक के इस्तेमाल की योजना है।

**मंडलायुक्त एक गाड़ी से पहुंचे बैठक में :** पहले बैठक मेरठ में प्रस्तावित थी, लेकिन प्रधानमंत्री के काफिले को कम करने की पहल के चलते इसे गाजियाबाद में आयोजित किया गया। मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी एक ही वाहन से जीडीए कार्यालय पहुंचे। बैठक मेरठ में होती तो बड़ी संख्या में अधिकारियों को वहां जाना पड़ता।

### हरनंदीपुरम फेज-2 के लिए 2190.50 करोड़ रुपये की मंजूरी

हरनंदीपुरम योजना के फेज-1 में करीब 100 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण के बाद अब दूसरे चरण में 125 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण पर 2190.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें भावापुर, मोरटा और शाहपुर निज मोरटा की जमीन शामिल है। फिलहाल ड्रोन सर्वे जारी है और अगली बैठक में योजना के लॉन्च पर फैसला संभव है।

### अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती

गौर ग्रीन एवेन्यू अग्निकांड के बाद जीडीए ने अग्निशमन विभाग को 100 करोड़ रुपये दिए हैं। इससे आधुनिक फायर फाइटिंग उपकरणों की खरीद की जा रही है। इसमें 102 मीटर तक पहुंचने वाले हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं। उपकरणों की गुणवत्ता के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस व्यवस्था लागू की जाएगी।

# मालिक के भरोसे का फायदा उठा 47.28 लाख लेकर भागा चालक

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 15 मई।** सेक्टर-50 थाना क्षेत्र में चालक अपने मालिक के भरोसे का फायदा उठाकर 47,28,500 रुपये लेकर भाग गया। मालिक ने चालक को अपने किसी जानकार को रुपये देने के लिए भेजा था। चालक पिछले काफी समय से पीड़ित के यहां नौकरी कर रहा था। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-50 थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। नई दिल्ली के ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 निवासी योगेंद्र कपूर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास काफी लंबे समय से विनय कुमार नामक चालक उनकी गाड़ी चला रहा है। काफी पुराना होने के कारण उन्हें विनय कुमार पर भरोसा हो गया था। वे अक्सर चालक को अपने जानकारों को रुपये देने के लिए उसे भेज देते थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को वे गुरुग्राम के सेक्टर-49 में थे और उन्होंने चालक विनय कुमार को 47,28,500 रुपये एक जानकार को देने के लिए कहा था।

# स्वास्थ्य मंत्री ने एक्सईएन को लगाई फटकार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 15 मई।** बुधवार को लोक निर्माण विभाग में हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने चार स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर एक्सईएन को फटकार लगाई। मंत्री ने कहा कि केवल उद्घाटन के समय दिखावे या लीपापोती के लिए निर्माण न किया जाए, बल्कि ऐसी संरचनाएं बनाई जाएं जो लंबे समय तक टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण हों। मंत्री ने एक्सईएन से अतिरिक्त बजट की मांग, अस्पताल निर्माण में देरी और दोबारा टेंडर जारी करने के दबाव पर लिखित जवाब तलब किया। आरोप है कि घटिया सामग्री के कारण उद्घाटन से पहले ही इमारतों में दरारें दिखने लगीं। सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में 100 बेड ब्लॉक में दरारें आई हैं।

# घर में घुसकर महिला से टप्पेबाजी करने वाले जीजा-साली गिरफ्तार



» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 15 मई।**

लिंकरोड क्षेत्र के बृज विहार की रहने वाली रीता यादव के घर में घुसकर टप्पेबाजी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद स्थित पल्ला थानाक्षेत्र के रोशन नगर का रहने वाला इकरार हुसैन उर्फ विनोद और उसकी साली रीता आर्या हैं। दोनों ने 7 मई की दोपहर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। दोनों के पास से 1 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी कुंडल, 800 रुपये की नकदी और वारदात में इस्तेमाल हुई बाइक भी बरामद हुई है।

प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस चेकिंग के दौरान दोनों आरोपियों को पुलिस टीम ने पकड़ा था। पूछताछ में आरोपी इकरार ने बताया कि वह मूलरूप से कानपुर स्थित किदवई नगर का रहने वाला है। बताया कि उसकी दो पत्नी हैं शहनाज और रेनू। दोनों कपड़े सिलाई का काम करती हैं। उन्हीं के सिले हुए कपड़ों को वह साली रीता के साथ अलग-अलग शहरों में घूमकर बिक्री करता है। इस दौरान घर में अकेली महिला को देखकर टप्पेबाजी की वारदातों को अंजाम देते थे। 7 मई को भी उन्होंने बृज विहार निवासी रीता यादव के घर में घुसकर महिला से जेवरात उतरवाए। साथ ही आधार व डेबिट कार्ड और कुछ नकदी भी ले गए थे। घटना की शिकायत रीता यादव ने स्थानीय पुलिस से की, शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया कि दोनों पहली बार पकड़े गए हैं।

# डीडीए के किसी भी पार्क में सुबह 10 बजे तक एंट्री फ्री

## एलजी संधू के निर्देश से कई लोगों को राहत

» **दिल्ली, यूटर्न/ 15 मई।**

दिल्ली में मॉर्निंग वॉक और फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए डीडीए के किसी भी पार्क में सुबह 10 बजे तक फ्री एंट्री मिलेगी। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के निर्देश पर अब राजधानी के कई प्रमुख डीडीए पार्कों, ग्रीन एरिया और हेरिटेज साइट्स में एंट्री फीस नहीं ली जाएगी।

डीडीए के मुताबिक ये सुविधा खास तौर पर मॉर्निंग वॉकर्स, जॉगर्स और फिटनेस गतिविधियों से जुड़े लोगों को राहत देने के लिए शुरू की गई है। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को खुले वातावरण में स्वास्थ्य और फिटनेस से जोड़ना है।

जिन प्रमुख स्थलों पर सुबह 10 बजे तक एंट्री फीस माफ की गई है, उनमें मेहरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क, बांसेरा, असिता, क्रांति उद्यान, वाटिका, अटल सद्भावना पार्क, वासुदेव घाट, वैष्णवी पार्क, द्वारका सेक्टर-16डी का डीडीए ग्रीन, अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क, जसोला स्थित लाला हरदयाल पार्क और नरेला का स्मृति वन शामिल हैं।

डीडीए ने स्पष्ट किया कि इसके अलावा दिल्ली के अन्य सभी डीडीए पार्क पहले की तरह



आम लोगों के लिए मुफ्त खुले रहेंगे।

### दिल्ली में 16 हजार एकड़ आकर्षक हरित क्षेत्र फ्री

डीडीए फिलहाल राजधानी में 16 हजार एकड़ से अधिक हरित क्षेत्र का रखरखाव कर रहा है। इसमें 700 से ज्यादा पार्क, बायोडायवर्सिटी जोन, सिटी फॉरेस्ट, रीजनल पार्क और नेबरहुड गार्डन शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि इन हरित स्थलों का उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ लोगों को बेहतर सार्वजनिक और प्राकृतिक स्थान उपलब्ध कराना है। अब ये सभी फिटनेस लवर्स के लिए फ्री हैं।

# अग्निशमन विभाग का कर्मचारी रिश्वत गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 15 मई।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) गुरुग्राम ने अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बृहस्पतिवार को शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ा। टीम ने उसकी कार से 2,98,050 रुपये नकदी भी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं धारा 308(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम में शिकायत दी में बताया था कि वह पारसनाथ एक्सोटिका सोसाइटी के मेंटेनेंस विभाग में अकाउंटेंट हैं। 13 अप्रैल को सोसाइटी के फ्लैट नंबर सी-4/1203 में आग लगने की घटना हुई थी। मामले में सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग में तैनात मनोज कुमार उर्फ मनोज कादयान ने शिकायतकर्ता को ड्यूटी में लापरवाही के मामले में फंसाने की धमकी देकर 20 हजार रुपये रिश्वत की मांगी थी। बाद में आरोपी ने सौदेबाजी करके रिश्वत राशि 15 हजार रुपये तय की।

# नगर निगम के डंपर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 15 मई।** जीटी रोड स्थित भाटिया मोड़ के पास बृहस्पतिवार सुबह नगर निगम के कूड़ा उठाने वाले डंपर की टक्कर से 72 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए लोगों ने चालक को पकड़कर पीट दिया। पुलिस ने उसे किसी तरह भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि भाटिया मोड़ स्थित बाबा फत्तन द्वार वाली गली निवासी भोपाल सिंह सुबह करीब साढ़े सात बजे घर से नाश्ते का सामान लेने निकले थे।

### मां बनने के बाद अभिनेत्रियों को क्यों नहीं मिलता काम

# रुबीना दिलैक ने बताई इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई



दुनिया का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जहां महिलाएं पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर न चल रही हों, मगर अभिनेत्री रुबीना दिलैक का मानना है कि महिलाओं के साथ भेदभाव बरकरार है। अभिनेत्री ने मां बनने के बाद अभिनेत्रियों को काम न मिलने की वजह पर खुलकर बात की।

उन्होंने कहा कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में पुरानी सोच अभी भी बनी हुई है, जिसकी वजह से नई माओं को प्रोजेक्ट्स से बाहर रखा जाता है। रुबीना दिलकै ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि मेकर्स को लगता है कि जिस अभिनेत्री ने हाल ही में बच्चे को जन्म दिया है, उसमें अब पहले जितना स्टैमिना, जुनून और मेहनत करने की क्षमता नहीं रही। वे सोचते हैं कि ऐसा होने से प्रोजेक्ट को नुकसान हो सकता है। रुबीना ने कहा, ह्लस्टडीज बताती हैं कि 62 प्रतिशत महिलाएं प्रेग्नेंसी के बाद काम पर वापस नहीं लौट पातीं क्योंकि समाज उन्हें स्वीकार नहीं करता। इंडस्ट्री भी उन्हें कमजोर समझती है। मेकर्स की सोच होती है कि अब उनके अंदर स्टैमिना नहीं बचा, आगे बढ़ने की चाहत नहीं रही, इसलिए वे खुद को साबित नहीं कर पाएंगी। ऐसे में उन्हें प्रोजेक्ट में रखना नुकसानदायक होगा।ह्व अभिनेत्री ने बताया कि समाज महिलाओं पर लगातार दबाव बनाए रखता है। उन्हें कभी भी पूरी आजादी नहीं मिलती कि वे अपनी मर्जी से जीवन जी सकें। हर समय उन्हें जज किया जाता है। कई महिलाएं इतनी मजबूत नहीं होतीं कि इस दबाव के बावजूद अपना आत्मविश्वास बनाए रख सकें।

मां बनने के बाद रुबीना अपनी पर्सनल लाइफ के साथ प्रोफेशनल लाइफ को सफलतापूर्वक संभाल रहीं हैं। उन्होंने इसे दूसरी महिलाओं के लिए मिसाल बनाने का मौका बताया। रुबीना ने कहा, ह्लमैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे काम जारी रखने का मौका मिला है। अपनी इस यात्रा के जरिए मैं खुद को और दूसरी अभिनेत्रियों को यह दिखाना चाहती हूं कि मां बनने के बाद भी सारे दरवाजे बंद नहीं हो जाते। मैं उन सभी महिलाओं के लिए एक बेहतर रास्ता बनाना चाहती हूं जो इस डर में जी रही हैं।ह्व रुबीना जल्द ही रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी टीवी शो ह्यखतरों के खिलाड़ीह्न के 15वें सीजन में नजर आएंगी।





## पत्नी सोनिया मेरे जीवन का सबसे अहम हिस्सा: हिमेश रेशमिया

अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर मशहूर गायक, संगीतकार और अभिनेता हिमेश रेशमिया ने पत्नी सोनिया कपूर के लिए एक भावुक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में हिमेश ने पत्नी के प्रति अपने प्यार और सम्मान को बेहद खूबसूरत शब्दों में जाहिर किया। उनकी यह पोस्ट फैंस और मनोरंजन जगत के कई सितारों को काफी पसंद आ रही है। इंस्टाग्राम पर पत्नी सोनिया कपूर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए हिमेश ने लिखा कि उनकी पत्नी उनकी जिंदगी की हर धुन के पीछे की आत्मा हैं। उन्होंने शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सोनिया उनके जीवन का सबसे अहम हिस्सा हैं। गायक के इस रोमांटिक अंदाज ने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच लिया और फैंस लगातार इस जोड़ी को शुभकामनाएं दे रहे हैं। पोस्ट पर कई फिल्मी हस्तियों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। फिल्म निर्देशक फराह खान ने मजाकिया अंदाज में कमेंट करते हुए लिखा, 'हो जाए, मेजर।' वहीं म्यूजिक प्रोड्यूसर अंशुल गर्ग ने हार्ट इमोजी के जरिए अपनी शुभकामनाएं दीं।



## पिता हमेशा कहा करते थे, लगे रहो बेटे, काम करते रहो: ईशा देओल

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल के लिए हमेशा ही सबसे बड़ी प्रेरणा उनके दिवंगत पिता अभिनेता धर्मेंद्र की सीख और विश्वास रहा है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ईशा ने अपने नए बिजनेस के बारे में बात करते हुए भावुक अंदाज में बताया कि उनके पिता हमेशा उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ने की हिम्मत देते थे। ईशा ने मुंबई के रियल एस्टेट समूह 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' के साथ मिलकर अलीबाग में लग्जरी विला डिजाइन प्रोजेक्ट की शुरूआत की है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वह और उनके पिता घंटों तक अलग-अलग जगहों की बनावट, घरों की संरचना और साधारण स्थानों की खूबसूरती पर चर्चा किया करते थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता अक्सर उन्हें एक ही बात कहते थे 'लगे रहो बेटे, करते रहो।' ईशा के मुताबिक यही शब्द आज भी उन्हें प्रेरित करते हैं और आगे बढ़ने का हौसला देते हैं। उन्होंने कहा कि पिता के विश्वास ने ही उन्हें अपने इस सपने को साकार करने की ताकत दी।

## फिल सॉल्ट शीघ्र कर सकते हैं वापसी : पाटीदार

**मुम्बई, यूटर्न/ 15 मई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा है कि टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट शीघ्र ही टीम में वापसी कर सकते हैं। सॉल्ट करीब एक महीने से उंगली की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। पाटीदार के अनुसार साल्ट अब पहले से काफी बेहतर हैं और उनके शीघ्र ही टीम से जुड़ने की संभावना है। सॉल्ट ने आखिरी बार 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला खेला था। इसके बाद उनकी उंगली में चोट लग गई थी, जिसके चलते उन्हें स्कैन और रिकवरी के लिए इंग्लैंड लौटना पड़ा था। साल्ट के बाहर होने से टीम संयोजन प्रभावित हुआ है।

सॉल्ट का टीम में होना आरसीबी के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि वह प्लेऑफ में जगह बनाने के करीब है। पिछली कुछ टी20 पारियों में संघर्ष के बाद, सॉल्ट ने आईपीएल के इस सत्र में जबरदस्त वापसी की थी। उन्होंने सत्र में 202 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 33.66 और स्ट्राइक रेट 168.33 का रहा है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने दो शानदार अर्धशतकीय पारियां भी खेली थीं, जिससे टीम को अच्छी शुरूआत मिली थी।

सॉल्ट की गैरमौजूदगी में युवा जैकब बेथेल को पारी की शुरूआत की जिम्मेदारी मिली पर वह सफल नहीं रहे। बेथेल छह मैचों में केवल 85 रन बना पाये। उनका औसत 14.16 और स्ट्राइक रेट 121.42 का रहा है, जो टीम के लिए चिंता का विषय रहा है।




## ईसीबी ने पहली बार पूर्व महिला क्रिकेटर को बनाया पुरुष टीम का कोच

**लंदन, यूटर्न/ 15 मई।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पहली बार एक महिला क्रिकेटर को पुरुष क्रिकेट टीम का कोच बनाया है। पूर्व विकेटकीपर सारा टेलर को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टेस्ट टीम का फील्डिंग कोच बनाया गया है। उन्हें कार्ल हॉपकिंसन की जगह कोच बनाया गया है। हॉपकिंसन अभी आईपीएल करार के कारण उपलब्ध नहीं हैं ।ईसीबी के क्रिकेट निदेशक रॉब की सारा को कोच बनाने की घोषणा की। सारा की नियुक्ति क्रिकेट में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सारा महिला क्रिकेट की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रही हैं। उन्होंने अपने शानदार करियर में सभी प्रारुपों में कुल मिलाकर 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह बेहतरीन विकेटकीपरों में से एक रही हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से ही सारा ने कोचिंग का काम संभाला। उन्होंने पहले एंड्रयू फ्लिंटॉफ के नेतृत्व में इंग्लैंड लायंस (इंग्लैंड ए) टीम के साथ भी कोच के तौर पर काम किया है। इसमें उनके प्रदर्शन की काफी सराहना की गई। इसी को देखते हुए उन्हें सीनियर टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ससेक्स की पुरुष टीम और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के साथ भी फील्डिंग कोच के रूप में अहम भूमिकाएँ निभाई हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### रूस के रियाजान में ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत, 12 घायल: गवर्नर

**मॉस्को, यूटर्न/ 15 मई।** रूस के रियाजान में ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। यहां के गवर्नर पावेल मालकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मालकोव ने टेलीग्राम पर कहा, 'कीव सरकार द्वारा किए गए इस आतंकवादी हमले में रियाजान की दो बहुमंजिला आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। ड्रोन का मलबा एक औद्योगिक परिसर में भी गिरा। दुर्भाग्य से, इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। सभी पीड़ितों को तत्काल आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

### ट्रंप को विश्वास है कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम प्राप्त कर लेगा

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 15 मई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्वास व्यक्त किया कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम प्राप्त कर लेगा। गुरुवार को फॉक्स न्यूज से बात करते हुए श्री ट्रंप ने कहा, 'हमने बम गिराए, वे सभी बम गिरे... उस स्थल के ऊपर पूरा पहाड़ ढह गया... उन्होंने शुरूआत में इसकी जांच की और कहा कि परमाणु 'डस्ट' तक पहुंचना असंभव है, लेकिन फिर भी मैं इसे प्राप्त करना चाहता हूं। मैं इसे हासिल करना चाहता हूं... मुझे इसे प्राप्त करके बेहतर महसूस होगा, और हम इसे प्राप्त करेंगे। श्री ट्रंप ने आगे कहा कि यूरेनियम तक पहुंच को असंभव बनाने के लिए अमेरिका ईरानी परमाणु सुविधाओं पर बमबारी दोहरा सकता है। उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे [ईरान से] कहा है कि अगर उन्होंने [यूरेनियम निकालने के लिए] वहां सेना भेजी है, तो हम बस उस पर कुछ बम गिरा देंगे, और बात वहीं खत्म हो जाएगी।

# पीएम मोदी के दौरे से भारत-यूएई के रिश्तों को मिली नई मजबूती, ऊर्जा सुरक्षा को बड़ा फायदा : एमईए

» **अबू धाबी, यूटर्न/ 15 मई।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने पर बात हुई। खास तौर पर ऊर्जा, व्यापार और निवेश, ब्लू इकोनॉमी, टेक्नोलॉजी और फिनटेक, रक्षा और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और दूसरे वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पर पोस्ट करते हुए कहा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच अबू धाबी में आज बेहद सकारात्मक और व्यापक बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने भारत-यूएई साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। बातचीत में ऊर्जा, व्यापार और निवेश, ब्लू इकोनॉमी, टेक्नोलॉजी और फिनटेक, रक्षा और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव जैसे कई मुद्दे शामिल रहे ह्व उन्होंने कहा, ह्लदोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और अन्य वैश्विक मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में यूएई पर हुए हमलों और उसकी संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई ह्व

बैठक के दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में ऊर्जा, रक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिपिंग और एडवांस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में कई समझौतों का आदान-प्रदान भी हुआ। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इससे भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गति मिलेगी।

रणधीर जायसवाल ने पोस्ट में बताया कि यूएई ने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इससे भारत के बाजार और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी। इस यात्रा से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को भी बड़ा फायदा होगा। यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के समय भारतीय समुदाय का ख्याल रखने के लिए यूएई सरकार और शाही परिवार का धन्यवाद भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्लहम यूएई में हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। जिस तरह यूएई को निशाना बनाया गया, वह किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। मुश्किल हालात में आपने जिस संयम और साहस का परिचय दिया, वह प्रशंसनीय है। आपके नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों के लिए हम आपको बधाई देते हैं ह्व

## चीन में मार्को रूबियो के आने पर लगा है बैन, नाम बदलकर बीजिंग बुलाया

**ट्रंप के भी चीन में दो नाम प्रचलित हैं एक 'तेलांगपु' और दूसरा 'चुआनपु'**

» **बीजिंग, यूटर्न/ 15 मई।**



चीन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के बीच एक दिलचस्प कूटनीतिक कहानी सामने आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर चीन ने बैन लगा रखा था, लेकिन ट्रंप के साथ वह बुधवार को पहली बार चीन की धरती पर उतरे। सवाल यह है कि आखिर ये कैसे मुमकिन हुआ? चीन नहीं चाहता था कि रूबियो के ऊपर से प्रतिबंध हटाए जाएं, लेकिन वह यह भी नहीं चाहता था कि अमेरिकी विदेश मंत्री को देश में आने से रोककर एक डिप्लोमैटिक विवाद खड़ा किया जाए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने इन सब से निपटने के लिए चाल चल। चीन ने मार्को रूबियो का नाम ही बदल दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो पर चीन ने 2020 में प्रतिबंध लगाया था। इसमें चीन में एंट्री से जुड़ा बैन भी था।

दरअसल रूबियो तब सिर्फ सीनेटर थे। वह चीन के शिनजियांग में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार और हांगकांग की मानवाधिकार स्थिति को लेकर लगातार कड़ी आलोचना करते थे। इससे नाराज चीन ने मार्को रूबियो समेत कई अन्य नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन अब तस्वीर बदल गई। ट्रंप ने उन्हें विदेश मंत्री बना दिया, जिस कारण चीन को मजबूरी में अपना रुख बदलना पड़ा।

## पाकिस्तान में सेना के कैंप पर आत्मघाती हमला, 15 सैनिकों की मौत टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद, यूटर्न/ 15 मई।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित बाजौर में सेना के एक कैंप पर बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिकों की जान चली गई है। आतंकियों ने इस हमले को एक सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दिया। घटनाक्रम के मुताबिक, हमलावरों ने सबसे पहले सेना परिसर के एक हिस्से में जोरदार धमाका किया। इस विस्फोट से मची अफरा-तफरी का लाभ उठाकर भारी हथियारों से लैस आतंकवादी कैंप के भीतर घुस गए। इसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच काफी देर तक भीषण मुठभेड़ जारी रही। आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह हमला उनकी स्पेशल इस्तशहादी फोर्सेज द्वारा किया गया है। अक्टूबर 2025 में क्वेटा में हुए हमले के बाद यह पहली बार है जब टीटीपी ने आधिकारिक तौर पर किसी आत्मघाती बम धमाके की जिम्मेदारी स्वीकार की है। गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लंबे समय से उग्रवाद और आतंकवाद से प्रभावित रहा है और इस ताजा हमले के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है।

## 4.3 करोड़ अमेरिकी छात्र ऋण के बोझ तले दबे हुए हैं: अमेरिकी शिक्षा सचिव




**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 15 मई।** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने कॉलेज शिक्षा की बढ़ती लागत पर लगाम कसने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी बीच, शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कांग्रेस को बताया कि 4.3 करोड़ अमेरिकी वर्तमान में कुल 1.7 ट्रिलियन डॉलर के भारी छात्र ऋण का बोझ उठा रहे हैं।

लिंडा ने प्रतिनिधि सभा की शिक्षा और कार्यबल समिति के समक्ष पेश होकर व्यापक छात्र ऋण सुधारों का बचाव किया और कहा कि असीमित संघीय ऋण व्यवस्था ने पूरे देश में कॉलेज की फीस में भारी वृद्धि को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, 'हम पर 1.7 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है और 4.3 करोड़ छात्र इससे प्रभावित हैं। कॉलेज की लागत कम करने के लिए हमें वास्तव में कुछ करना होगा।' यह सुनवाई जल्द ही प्रशासन की उच्च शिक्षा सुधार योजना पर तीखी बहस में बदल गई। खासकर नर्सिंग, शिक्षण और सामाजिक कार्य जैसे कार्यक्रमों के लिए स्नातकोत्तर छात्रों के ऋण पर नई सीमाओं को लेकर। डेमोक्रेटिक नेताओं ने चेतावनी दी कि ये बदलाव कार्यबल की कमी को और बढ़ा सकते हैं और छात्रों को महंगे निजी ऋण लेने पर मजबूर कर सकते हैं। कनेक्टिकट से प्रतिनिधि जो कर्टनी ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह ऐसे समय में उन्नत नर्सिंग शिक्षा को और महंगा बना रहा है, जब देश गंभीर स्वास्थ्यकर्मी कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ स्नातकोत्तर नर्सिंग कार्यक्रम पहले ही नई संघीय ऋण सीमा से अधिक महंगे हैं। मैकमोहन ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य विश्वविद्यालयों पर फीस कम करने का दबाव बनाना है। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य उच्च शिक्षा की लागत को कम करना है,' और बताया कि नए नियमों की घोषणा के बाद कुछ विश्वविद्यालयों ने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की फीस घटानी शुरू कर दी है। मैकमोहन ने तर्क दिया कि संघीय ऋण नीतियों ने वर्षों तक कॉलेजों को बिना किसी नियंत्रण के फीस बढ़ाने की अनुमति दी।



## जिनपिंग की चेतावनी पर ताइवान का पलटवार: चीन ही क्षेत्रीय असुरक्षा का मूल कारण

**बीजिंग, यूटर्न/ 15 मई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के दौरान हुई द्विपक्षीय वार्ता में ताइवान का मुद्दा गमार्या हुआ है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मामले को बेहद संवेदनशील बताकर अमेरिका को टकराव की चेतावनी दी, जिस पर ताइवान ने पलटवार कर चीन को ही क्षेत्रीय असुरक्षा का एकमात्र कारण बताया। बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक के दौरान, शी ने कहा कि ताइवान मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण है और इस मुददे को गलत तरीके से संभाला गया तब यह बहुत खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता और क्रॉस-स्ट्रेट शांति आग और पानी की तरह एक-दूसरे के विपरीत हैं। चीनी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर ताइवान के मुद्दे को ठीक से नहीं संभाला गया, तब दोनों देशों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे पूरे द्विपक्षीय संबंध खतरे में पड़ जाएंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान पर अपना दावा करती है और उसने कसम खाई है कि जरूरत पड़ने पर वह इसे जबरदस्ती अपने नियंत्रण में ले लेगी। लेकिन जिनपिंग के इस बयान पर ताइवान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ताइवान कैबिनेट के प्रवक्ता मिशेल ली ने कहा, ताइवान स्ट्रेट और हिंद-प्रशांत इलाके में असुरक्षा का एकमात्र स्त्रोत चीन का सैन्य खतरा है।

## अमेरिका रवाना होने से पहले चीनी राष्ट्रपति से मिले ट्रंप, द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा

**बीजिंग, यूटर्न/ 15 मई।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को बीजिंग स्थित झोंगनानहाई नेतृत्व परिसर में निजी मुलाकात की। यह बैठक ट्रंप की चीन यात्रा समाप्त होने से ठीक पहले हुई। इससे एक दिन पहले दोनों नेताओं के बीच औपचारिक वार्ता भी हुई थी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, झोंगनानहाई पहुंचने पर शी जिनपिंग ने ट्रंप का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेता परिसर के उद्यान में साथ-साथ टहलते और बातचीत करते नजर आए। इस दौरान वे पेड़ों और फूलों को भी निहारते रहे। शी जिनपिंग ने कहा कि ट्रंप की यह यात्रा ह्लऐतिहासिक और मील का पत्थरह्व साबित हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने रणनीतिक स्थिरता पर आधारित रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंधों की नई दिशा तय की है।

# स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू

## कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट

**तेहरान, यूटर्न/ 15 मई।** दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्ग, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर बड़ी हलचल सामने आई है। ईरान ने दावा किया है कि इस रणनीतिक मार्ग से कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल के कुछ घंटों में लगभग 30 जहाजों ने इस जलडमरूमध्य को पार किया है। इनमें विशेष रूप से कुछ चीनी जहाजों को ट्रांजिट की अनुमति दी गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय



शिपिंग ट्रैफिक में सक्रियता बढ़ी है। इस घटनाक्रम का सीधा और सकारात्मक असर वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने की आशंका कम होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड ऑयल फ्यूचर्स 73 सेंट (लगभग 0.7प्रतिशत) गिरकर 104.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट फ्यूचर्स भी 20 सेंट की गिरावट के साथ 100.82 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट ऐसे समय में देखी गई है जब निवेशक अमेरिका में संभावित ब्याज दरों में बढ़ोतरी को लेकर पहले से ही चिंतित हैं। इस बीच, कूटनीतिक स्तर पर भी बड़ी प्रगति हुई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *